SURVEILLANCE AT AIRPORTS TO PREVENT THE SPREAD OF MYSTERIOUS DISEASE SEVERE ACUTE RESPIRATORY SYNDROME (SARS) IN THE COUNTRY

श्री मोती लाल वोरा(मध्य प्रदेश): सभापति महोदय, सहस्यमय निमानिया महामारी से निपटने के लिए केन्द्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यद्यपि महामारी की रोकथाम के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं और उन्हें गृह मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेजा है किन्तु इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बाहर से आने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें न तो अब तक मास्क और न ही हाथ -मोजे उपलब्ध कराए गए हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों को यह भी पता नहीं है कि यदि कोई यात्री बीमारी से ग्रसित हो तो उसे किस अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भेजा जाना है। यद्यपि अब तक एक भी महामारी का केस नहीं पाया गया है लेकिन चिकित्सा की सुविधा एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय को इस बारे में और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता हैं।

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Sir, I associate myself with this Special Mention.

(**उपसभपति महोदया पीठासीन हुई**)

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): महोदया, मैं अपने को इस स्पैशल मैंशन से सम्बद्व करते हुए एक सुझाव देना चाहते हूं कि इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जो अधिकारी और आव्रजन अधिकारी तैनात है, उनके अलावा वहां कोई न कोई चिकित्सक चाहिए जो इस बीमारी की जांच कर सके। भारत सरकार ने घोषणा की है कि इस बीमारी को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयत्न किए जाएंगे लेकिन हमारे यहां स्वास्थ्य सुविधाएं जितनी बदहाली से ग्रस्त हैं, उसको देखते हुए अपेक्षा नहीं की जा सकती देखने की आवश्यकता है तभी हम इस रोग की रोकथाम कर सकते हैं। इसलिए मैं भारत सरकार का ध्यान विशेष रूप से इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Madam, with regard to the issue raised by many hon. Members, the Minister will be making a statement either today or tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Minister of Health will be making a statement to this effect. When I came from abroad, I also saw that people were wearing the mask at the Bombay Airport. The authorities were also wearing the mask.